## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

सी पी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। गौरतलब है कि सी पी राधाकृष्णन पूर्व में झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं।

********************

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी झारखंड के दौरे पर हैं। इस कड़ी में आज रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों और खनन श्रमिकों के लिए तीन लाभों की भी घोषणा की, जो इस वर्ष 17 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस से लागू होंगे। इनमें कोल इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों के सभी कर्मचारियों के लिए एक जैसी वर्दी लागू करना, अनुग्रह राशि को 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करना और मौजूदा बीमा कवरेज के अलावा नियमित और संविदा कर्मचारियों के लिए एक करोड़ रुपये और 40 लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा कवरेज शामिल है। उन्होंने कहा है कि सरकार देश के सभी 140 करोड़ नागरिकों को साथ लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

********************

पिछले 17 दिनों से स्थगित श्री माता वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से फिर शुरु होगी। खराब मौसम और पवित्र तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग के आवश्यक रखरखाव के कारण अस्थायी रूप से स्थगित होने के बाद श्राइन बोर्ड ने नवरात्र से पहले यात्रा शुरू करने का एलान किया है। श्राइन बोर्ड के अनुसार, तीर्थयात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा के दौरान वैध पहचान पत्र साथ रखें। इसके साथ ही निर्धारित मार्गों का पालन करें और जमीनी कर्मचारियों के साथ सहयोग करें।

********************

राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने डीएमएफटी फंड में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। इसे लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कोडरमा में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने कहा कि हाल ही में बोकारो के डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कई खुलासे किए थे, लेकिन अगर सही ढंग से जांच की जाए तो डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग के मामले में कोडरमा अव्वल साबित होगा।

********************

पाकुड़ जिले में हर बच्चे के भविष्य को संजोने सवारने के साथ साथ उनके संरक्षण को लेकर मिशन वात्सल्य योजना का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

पलामू के मेदिनीनगर स्थित नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय में होने वाले तीसरे दीक्षांत समारोह की तिथि में बदलाव कर दिया गया है। मामले में जानकारी देते है विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए पहले 3 अक्टूबर की तिथि निर्धारित थी, लेकिन दुर्गापूजा एवं अन्य कारणों से तिथि में बदलाव करते हुए अब दीक्षांत समारोह 6 अक्टूबर को होगा। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल शामिल होंगे।

****************